हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

13 छग टीचर्स एसोसिएशन नगरी सात साल में कर चुका ...

14 निर्वाचन कार्य को दें विशेष प्राथमिकता : अग्रवाल




## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी : महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार समाज की बैठक आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज की मासिक बैठक 16 अप्रैल मंगलवार को सामाजिक भवन में रात्रि 8:30 बजे आयोजित की गई है। नंदकिशोर सोनी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार समाज धमतरी ने समाज के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। उन्होंने बताया कि सामाजिक बैठक अब हर माह के दूसरे मंगलवार को होगी।

### तापमान में हुई अप्रत्याशित वृद्धि

**धमतरी।** बादल साफ होते ही तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान का पारा 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। आगामी दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक चक्रवर्ती परिसंचरण पश्चिमी विदर्भ एवं उसके आसपास के क्षेत्र में समुद्र तक से 1.5 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### युवक ने फांसी लगा कर दी जान

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत बोरसी के एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना से मिली जानकारी अनुसार ग्राम बोरसी निवासी खोजन ध्रुव उम्र 28 वर्ष पिता संतोष ध्रुव पिछले 7-8 माह से अपने ससुराल सांकरा में पत्नी के साथ रह रहा था। 13 अप्रैल को उसने मोबाइल फोन से बोरसी आने की सूचना घरवालों को दी थी। 15 अप्रैल सोमवार की सुबह खोजन ध्रुव की लाश देशी शराब दुकान बोरसी के पीछे नहर किनारे टूरी पहाड़ी में तेंदू पेड़ में प्लास्टिक रस्सी पर फांसी पर लटकी देखी गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल थाने में दी। पुलिस ने मर्ग, पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### अक्षय तृतीया और राम नवमी पर होने वाले विवाह पर रहेगी पैनी नजर

# बाल विवाह रोकने गांव-गांव में बनी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाल विवाह रोकने के लिए गांव-गांव में समिति का गठन किया गया है। इस समिति को रामनवमी और अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाह पर नजर रखने की हिदायत दी गई है। गांव स्तर की टीम में सरपंच सहित स्कूली छात्रों को भी रखा गया है।

महिला बाल विकास विभाग के लगातार प्रयास के बाद भी चोरी-छिपे बाल विवाह होने की शिकायत मिलती रही है। बाल संरक्षण इकाई द्वारा हर साल ऐसे कई विवाह रूकवाया जाता है, जिसमें वर की उम्र 21 और वधु की उम्र 18 से कम होती है। हाल ही में नगरी के बेलरगांव में 2 लड़कियों एवं 1 लड़का का विवाह रोका गया। रामनवमी और अक्षय तृतीया पर अभिजीत मुहूर्त होता है, जिसमें बड़ी संख्या में विवाह होते हैं। इस दौरान बाल विवाह की भी आशंका बनी हुई है। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी एक्का के मार्गदर्शन में 17 अप्रैल रामनवमी एवं 10 मई अक्षय तृतीया को बाल विवाह रोकने के लिए पंचायत स्तर पर टीम का गठन किया है। इसके अतिरिक्त जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर भी टीम तैनात कर दी गई है। इस टीम की जिम्मेदारी होगी कि वह वार्ड व गांव में होने वाले बाल विवाह को रोकें।

#### टीम में सरपंच से लेकर स्कूल के छात्र

विकासखण्ड स्तर की टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, संबंधित थानों के थाना प्रभारी, प्रतिनिधि चाईल्ड लाइन को शामिल किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच को बाल संरक्षण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। हर पंचायत में गठित इस टीम में पंचायत सचिव, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, मितानिन, महिला समूह की दो सदस्य एवं हाईस्कूल के दो छात्रों को सम्मिलित किया गया है। इन समितियों को अलर्ट कर दिया गया है, जिनकी जिम्मेदारी अपने गांव में हो रहे बाल विवाह रोकने की रहेगी।


फाइल फोटो

#### ये भी रहेंगे मैदान में

बाल विवाह रोकने के लिए जिला स्तर पर भी टीम का गठन किया गया है। इस टीम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक, संबंधित परियोजना के बाल विकास परियोजना अधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार अमृत, परामर्शदाता मोहिनी रानी गजेन्द्र, आउटरीच वर्कर खिलेश्वरी साहू, मनोज साहू आदि शामिल हैं।

#### 1 साल की सजा व 2 लाख रुपए तक जुर्माना

जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक ने बताया कि 2016 से लेकर अब तक जिले में 78 बाल विवाह रोके जा चुके हैं। लगातार कार्रवाई होने से बाल विवाह में कमी आई है। कानून के अनुसार विवाह के समय दूल्हे की उम्र 21 वर्ष एवं दुल्हन की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। बाल विवाह करवाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा सकती है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराने वाले पुरोहित, माता पिता एवं उसमें सम्मिलित परिजनों को 1 साल की सजा व 2 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

# सामान्य प्रेक्षक ने वेयर हाउस स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



- सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियां अब अंतिम चरण पर है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से पूरा कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। कलेक्टोरेट कैम्पस में स्थित वेयर हाउस और पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम का उन्होनें जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण, सहित मतदान दलों को मतदान सामग्री देने, उनके आगमन, प्रस्थान, वाहन एवं रूट चार्ट की जानकारी दी। उन्होंने मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखने तथा ईवीएम मशीनों को ले जाने की प्रक्रिया की पारदर्शिता और उम्मीदवारों एवं पार्टी के अवलोकनार्थ सीसीटीवी कैमरा एवं डिस्प्ले स्क्रीन की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जीआर मरकाम, एसडीएम डॉ.विभोर अग्रवाल सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**धमतरी।** पैदल अपने गांव लौट रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।



- ग्राम अरौद की घटना

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम छुही निवासी हीरामणि निर्मलकर पिता सुकालुराम उम्र 42 वर्ष रविवार की रात्रि लिफ्ट लेकर किसी काम से ग्राम अरौद गया था जहां से युवक पैदल अपने घर छुही लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने पैदल जा रहे युवक को चपेट में ले लिया। वाहन की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक अपने वाहन सहित मौके से भाग गया। घायल युवक घटनास्थल पर पड़ा था। घटना की जानकारी होने पर भाई आत्माराम निर्मलकर गांव के दुष्यंत के साथ घटनास्थल पहुंचा। घायल हीरामणि को संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की रविवार की देर रात्रि अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

### अंगारमोती मंदिर में आज हवन-भंडारा

**धमतरी।** आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि माता के दरबार में 3 हजार से अधिक ज्योति प्रज्वलित हो रही है। मंगलवार की शाम 4 बजे हवन पूजन प्रारंभ होगा। शाम 6 बजे से विशेष भंडारा का आयोजन है।



उन्होंने बताया कि दानदाताओं के सहयोग से करीब 7 हजार लोगों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। श्री मरई ने माता के भक्तों से यज्ञ हवन के पूर्व मंदिर परिसर में उपस्थित होने की अपील की है।

# भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं लोल्लर दाई

- बरारी के जंगल में विराजित वन देवी की कीर्ति दूर-दूर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर से 7 किलोमीटर दूर ग्राम बरारी के जंगल में विराजित मां लोल्लर दाई की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है। भक्तों की मनोकाना पूर्ण करने वाली लोल्लर दाई के दरबार में रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव आदि जिलों के लोग मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करा रहे हैं।

मां लोल्लर दाई समिति के अध्यक्ष दिलीप देवांगन ने बताया कि लोल्लर दाई आसपास के क्षेत्र के 11 गांव की अधिष्ठात्री देवी हैं। बरारी, मुड़पार, शकरवारा, अछोटा, भोयना, सियादेही, करेठा, कोलियारी आदि 11 गांवों से माता के नाम विशेष जात्रा निकलती है। उन्होंने बताया कि लोल्लर दाई भगवान शिव की पुत्री हैं। सिहावा पहाड़ में यह लोड़हा के आकार में विराजित थीं। वहां से लुढ़कते-लुढ़कते बरारी के जंगल में विराजित हो गईं। गांव के पुजारी को सपने में आकर वहां मौजूद होने की जानकारी दी। तब से आसपास के 11 गांवों के लोग लोल्लर दाई की सेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि माता के दरबार में 108 तेल तथा 23 धृत ज्योति प्रज्वलित हो रही है। श्री देवांगन ने बताया कि लोल्लर दाई 64 योगिनी में से एक हैं। जिसका प्रमाण पुराणों में भी मिलता है।

#### आज महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में गूंजेगा स्वाहा.. स्वाहा...

मंगलवार को चैत्र नवरात्रि महाअष्टमी पर हवन पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। जगह-जगह प्रसादी वितरण तथा भंडारा का आयोजन होगा।

# चाकू लहराकर दहशत फैला रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चौपाटी में चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

कोतवाली पुलिस मुखबिर की सूचना पर मकई चौक स्थित चौपाटी पहुंची जहां तीन युवक धारदार चाकू लहराते हुए आम लोगों को डरा-धमका रहे थे। पुलिस को देख युवक भागने का प्रयास कर रहे थे, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी अजीत सोना पिता राहुल 23 वर्ष, राहुल उर्फ रोहित सोना 23 वर्ष व रूपेश उर्फ रूप्पू कोसरिया पिता चन्द्रहास उम्र 19 वर्ष तीनों जालमपुर निवासी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।





### छाती में मानस सम्मेलन 17 को

**पुरी।** ग्राम छाती में स्वास्तिक बाल समाज लीला मंडली के तत्वावधान में मानस सम्मेलन का आयोजन 17 अप्रैल गुरुवार को किया गया है। इस अवसर पर रघुवर मानस प्रचार समिति चर्रा, विद्यादेवी शारदा सम्पूर्ण महिला मंडली सिंधौरी खुर्द, पारसमणि मानस मंडली रायपुर, करुणामयी महिला मानस मंडली उमरगांव नगरी, माधुर्य मानस प्रचार समिति पोटियाडीह की प्रस्तुति होगी।

# फायर फाइटर ने आग पर काबू पाने के तरीके बताए

- अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जिला अस्पताल में किया गया डेमो का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




दमकल विभाग द्वारा जिला अस्पताल में डेमो कर आग पर काबू पाने के तरीके बताए गए। अग्निशमन विभाग 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रहा है, जिसके तहत फायर फाइटरों द्वारा भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पहुंचकर लोगों को आग लगने पर बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को फायर फाइटर फायर ब्रिगेड के वाहन के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। फायर फाइटरों ने अस्पताल के सामने सिलेण्डर में लगी आग को बुझाने का डेमो दिखाया। प्रदर्शन के दौरान मौजूद अस्पताल स्टाफ सहित अन्य लोगों को आग पर काबू पाने के तरीकों की आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि पेट्रोल, गैस, बिजली, लकड़ी में आग लगने पर काबू करने के लिए किन-किन चीजों का उपयोग किया जा सकता है वहीं घरेलू महिलाएं किचन में सिलेण्डर में लगी आग का सामना कैसे कर सकती हैं, इसकी डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई।

डेमो प्रदर्शन के दौरान फायर ब्रिगेड से शितेश पवार, अरूण यादव, देवेन्द्र साहू, नोहर यादव, रोहित, राजेश हिरवानी, चन्द्रकुमार कुर्रे व उमेश कौशिक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के बंदरगाह में जहाज में आग लग गई थी, जिसे बुझाने के प्रयास में 60 दमकल कर्मी शहीद हो गए थे। घटना के बाद से शहीदों की याद में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है।

# ग्रीष्मकालीन धान की कटाई शुरू



- नवरात्रि के बाद कृषि मंडी में लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंचल में धान की कटाई शुरु हो गई है। रबी फसल में धान की अच्छी उपज से किसानों में उत्साह है। इधर कृषि उपज मंडी में सन्नाटा पसरा हुआ है। व्यापारियों को धान की आवक का इंतजार है।

उल्लेखनीय है कि नहर सिंचाई पानी की सुविधा नहीं मिलने के बावजूद हजारों किसानों ने अपने साधन पर धान की उपज ली है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 31 हजार हेक्टेयर में किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान की फसल ली है। डाही अंचल में धान की कटाई शुरु हो चुकी है। कई क्षेत्र में फसल पक रही है। नवरात्रि के बाद धान कटाई की रफ्तार पकड़ लेगी।

किसान सुदर्शन ठाकुर, ओमप्रकाश, सूरजभान ने बताया कि रबी फसल लेने के दौरान दो बार मौसम खराब हुआ। हवा तूफान के साथ बारिश हुई, लेकिन इसका विशेष प्रभाव फसल पर नहीं हुआ। नुकसान नहीं होने से किसानों में उत्साह है। नवरात्रि के बाद कृषि उपज मंडी में विक्रय के लिए धान पहुंचना शुरु हो जाएगा।

#### मंडी में पसरा सन्नाटा

सोमवार को मंडी में धान की आवक मात्र 105 कट्टे की हुई है। कृषि उपज मंडी से मिली जानकारी के अनुसार आईआर 64- 2200 रुपए, सांभा 2650 रुपए, गोल्डन सांभा 2300 रुपए, सरोना 2195 रुपए, ओमश्री 2700 रुपए, श्रीराम 2700 रुपए क्विंटल में बिका। बताया गया है कि धान की आवक नहीं होने से व्यापारी खरीदारी के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। धान की आवक नवरात्रि के बाद से शुरु हो जाएगी।

### बनेगा जी प्लस टू टाइप का एकीकृत भवन, शिफ्टिंग भी हो रही

# नवनिर्माण के लिए जिला अस्पताल के पुराने भवन में तोड़फोड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला अस्पताल के बहुप्रतीक्षित नवीन भवन निर्माण के लिए पुराने भवन का डिस्मेंटल कार्य शुरु हो गया है। वहीं शिफ्टिंग का कार्य भी साथ-साथ हो रहा है।

जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के स्थान पर 6.51 करोड़ की लागत से जी प्लस टू टाइप का एकीकृत भवन बनाया जायेगा जिसके लिए बीते दिनों भूमिपूजन किया गया। सीजीएमएससी से टेंडर व वर्कआर्डर जारी होते ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल के प्रभावित एरिया में संचालित विभागों की शिफ्टिंग करने का कार्य शुरु कर दिया गया है। आपरेशन थियेटर को अस्पताल के प्रथम तल में बनकर तैयार मॉडयूलर ओटी में शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं फार्मेसी व इंजेक्शन रूम व आयुष्मान क्यिोस्क के लिए टीबी विभाग के बाजू में वैकल्पिक जगह बनाई जा रही है।

इसी तरह कार्यालय को नवनिर्मित मितानिन वेटिंग हाल में शिफ्ट कर दिया गया है। भोजनशाला के लिए अलग से किचनशेड बनाया जा रहा है। अस्पताल में संचालित विभागों की शिफ्टिंग के साथ-साथ पुराने भवन में तोड़फोड़ का कार्य शुरु हो गया है। हालांकि नवीन भवन को अस्पताल के आधे हिस्से में बनाया जाना है। इसलिए प्रभावित आधी बिल्डिंग का डिस्मेंटल कार्य शुरु कर दिया गया है। जी प्लस टू टाइप भवन निर्माण का टेंडर हटकेशर के विजय कंस्ट्रक्शन को मिला है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**



### भाजपा प्रत्याशी ने सिंगपुर बाजार में खरीदा शकरकंद

**नगरी।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने जनसंपर्क के दौरान सिंगपुर बाजार में शकरकंद खरीदकर कार्यकर्ताओं को खिलाया। इस दौरान पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, धमतरी जिला भाजपा सहप्रभारी हलधर साहू, भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, विधानसभा सहप्रभारी नरेश सिन्हा, रामायण सिन्हा, राधेलाल सिन्हा, अय्यूब खान, पूर्व जनपद अध्यक्ष माधवसिंह ठाकुर, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी सिन्हा, महिला मोर्चा मंडल की महामंत्री भानुप्रिया साहू सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पति की स्मृति को जीवंत रखती हैं सूर्या बेन शेठ

**धमतरी।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर में निवासरत महाराष्ट्र के अमरावती की मूल निवासी श्रीमती सूर्या बेन शेठ ने अपने पति स्व. मनहर शेठ की तृतीय पुण्यतिथि पर धमतरी शहर के राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए सार्थक टीम के माध्यम से शीतल जल व्यवस्था करवाई है। गौरतलब है कि सूर्या बेन के द्वारा 2022 में स्व. शेठ की प्रथम पुण्यतिथि पर प्याऊ खुलवाने के साथ सार्थक स्कूल के 50 मानसिक दिव्यांग बच्चों को भोजन करवाया गया था।

**निधन**

### साहेब राव जाधव



**धमतरी।** रामबाग स्थित राव होटल के संचालक साहेब राव जाधव का निधन हो गया। वे प्रियतोष राव जाधव, पवन राव जाधव, प्रशांत राव जाधव के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा मराठापारा निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकली जिसमें बड़ी संख्या में स्वजन एवं वार्डवासी शामिल हुए।

### नवलोचन साहू



**धमतरी।** हटकेशर वार्ड निवासी नवलोचन पिता जेठूराम साहू उम्र 50 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। आज मंगलवार को अंतिम यात्रा निवास स्थल से निकलेगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। वे समाजसेवी लक्ष्मीनारायण साहू के भतीजे एवं राघवेन्द्र साहू के भाई थे।

दिवंगत व गंभीर बीमारी से जूझ रहे शिक्षकों की करते हैं मदद, वर्ष 2017 से हुई शुरुआत

# छग टीचर्स एसोसिएशन नगरी सात साल में कर चुका है 51 लाख का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा नगरी अपने संगठन के सदस्यों के निधन होने पर एक लाख का आर्थिक सहयोग सालों से प्रदान करते आ रहा है वहीं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण गंभीर बीमारी में उपचार कराने में असमर्थ सदस्यों का भी आर्थिक सहयोग करता है। नगरी विकासखंड में कार्यरत शिक्षक स्व. गिरिवर गंगबेर का विगत माह आकस्मिक निधन हो गया। संवेदना संकल्प राशि अभियान के तहत स्व. गंगबेर की पत्नी श्रीमती जितेश्वरी गंगबेर को संगठन के पदाधिकारियों ने 1 लाख का चेक भेंट किया।

संगठन पिछले 7 साल में 51 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग कर चुका है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा नगरी संगठन से जुड़े सदस्यों की मृत्यु होने और गंभीर बीमार होने पर सहायता राशि देने की शुरूआत वर्ष 2017 से की गई। तब से लेकर आज तक संगठन कुल 51 लाख से भी ज्यादा का सहयोग जरूरतमंद सदस्यों को प्रदान कर चुका है।

संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, सचिव टीकमचंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष तोमल साहू, जिला उपाध्यक्ष तीरथ राज अटल व प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन ने बताया कि शिक्षक साथियों के आकस्मिक निधन होने के बाद न सिर्फ उनके परिजनों को 1 लाख की सहयोग राशि दिया जाता है बल्कि अनुकंपा नियुक्ति से लेकर जितने भी स्वतत्वों के भुगतान की प्रक्रिया होती है उसमें कागजी कार्यवाही से लेकर कार्यालयीन कार्यों में दिवंगत परिजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, जिला उपाध्यक्ष तीरथराज अटल,नगरी ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, सचिव टीकमचंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष तोमल साहू, प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन, सिधेश्वर साहू , धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम, खिलेश्वर साहू, राजकुमार शील, गंगाराम नेताम, गंगाराम नेताम, वीपी साहू, कमलेश मल्होत्रा, मोहित साहू, यशवंत साहू, निकेश साहू, दीपचंद साहू, श्रवण देवांगन, कमलेश सार्वा, वासुदेव यादव समेत अनेक शिक्षक मौजूद थे।

## भालूकोना में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

■ संविधान की उद्देशिका का किया गया वाचन

ग्राम भालूकोना में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। उनके अनुयायियों ने बाबा साहेब के मिशन एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लेकर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया।

जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी ने बताया कि बाबा अंबेडकर साहेब ने संविधान की रचना कर दलित, शोषित, अल्पसंख्यकों को सम्मान और बराबरी का अधिकार दिलाया है। संविधान की ताकत से ही सामाजिक स्तर पर व्याप्त छुआछूत, भेदभाव को दूर कर समतामूलक समाज निर्माण में सहायता मिली है। बाबा अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलकर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर तिलक भारती, लखनलाल सोनवानी, श्यामलाल भारती, गौतम सोनवानी, प्रेमलाल घृतलहरे, हिरामन बंजारे, कुलेश्वर सोनवानी कांशीराम टोंडे, मुकेश सोनवानी, हरीश बंजारे, कन्हैया डहरे, कैलाश सोनवानी, विक्की सोनवानी, संजू जोशी, लोकेश मनहर, राहुल सोनवानी, अवि सोनवानी, हेमकुमार बंजारे, निखिल सोनवानी, थानेन्द्र बंजारे, मुस्कान लहरे उपस्थित थे ।

## मुल्ले में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम मुल्ले में बाबा साहेब भीमराव राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब द्वारा मानव समाज के लिए किए गए उनके उत्कृष्ट कार्य को याद किया गया।

जिला अध्यक्ष अरुण सोनवानी ने कहा कि बाबा साहेब का सम्मान करना और संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में मनक जोगी, सत्तू, प्रेमलाल कोठरे, बहुर कोसले, जयंत कुर्रे, जसवंत जोगी, छन्नू, अमित, कृष्ण रात्रे शामिल रहे।

केवि में मनाया जा रहा तरुणोत्सव और पुस्तक उपहार कार्यक्रम

विशेषज्ञ दे रहे बच्चों को करियर मार्गदर्शन

## वरिष्ठ छात्रों ने अपनी पाठ्य पुस्तकें कनिष्ठों को भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






पीएमश्री केवि में विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार के मार्गदर्शन में पुस्तक उपहार एवं तरुणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय भखारा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पुस्तक उपहार के इस कार्यक्रम में वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा अपनी पाठ्य पुस्तक को अपने कनिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप प्रदान किया।

प्राचार्य ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार तरुणोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए बच्चों के सीखने के खाई को दूर करने के लिए उन्हें भाषा कौशल, करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श, शौक एवं कौशल विकास तथा कक्षा ग्यारहवीं के विषय चयन आदि विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में दसवीं कक्षा या स्कूली शिक्षा के बाद किस विषय में आगे की पढ़ाई करनी है, किस क्षेत्र में आगे बढ़ना है। इसी तारतम्य में दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए तथा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को डॉ. भूवाल सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय भखारा द्वारा भाषा कौशल तथा करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श विषय पर मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि आपको अपनी पसंद के क्षेत्र को चुनकर अपने आगे के करियर का निर्माण करना है। डॉ. संतोष सोनकर एमबीबीएस ने चिकित्सा एवं मोना हैवार ने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में करियर के अवसरों के बारे में बच्चों को मार्गदर्शन किया। पूरब कुम्भकार ने बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने मिट्टी के बर्तनों के उपयोग के फायदे बताए। शिक्षक पीएल साहू ने आभार व्यक्त किया। तरुणोत्सव कार्यक्रम संचालक डीआर साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम 30 अप्रैल तक चलेगा।

## वैष्णो देवी मंदिर में जगमगा रही 17 मनोकामना ज्योति



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 14 स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में इस वर्ष भी नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर में 17 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है।

वैष्णो देवी मंदिर के पुजारी गोपाल दास वैष्णो, पंडा सुरुजभान साहू ने बताया कि जो भी श्रद्धालु ज्योति कलश प्रज्वलित करते हैं और मां की भक्ति सच्चे मन से करते हैं, उसकी मनोकामना माता वैष्णो पूर्ण करती हैं।

## रावनगुड़ा में हुई श्रीकृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





ग्राम रावनगुड़ा में गौरव महिला समिति द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापना की गई। कुमारी बाई, अमूल्य बाई, गुरवा बाई, यशोदा बाई, पदमा बाई, उर्मिला बाई, वेदिका बाई साहू एवं ग्रामीणों के सहयोग से भगवान कृष्ण की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया।

इस आयोजन में सुरीत राम साहू ग्राम पटेल, आशाराम साहू, श्यामलाल साहू, अमरसिंह साहू, लीलाराम, प्रेमलाल, पंचूराम साहू, राजेश साहू, कृष्णकुमार यादव, पूरन साहू, आकाश साहू, नवीनप्रकाश साहू, प्रमोद साहू, इंद्रजीत साहू का भी सहयोग रहा।

## सामाजिक न्याय के शिल्पकार थे बाबा साहेब

■ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज ने किया भीमराव अम्बेडकर को याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी




आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज नगरी ने सामाजिक समरसता एवं समानता का मूलमंत्र देने वाले भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती सभा भवन नगरी में मनाई। समाजिकजनों ने बाबा सोब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर समाज के तहसील महासचिव नरेश छेदैहा ने कहा कि बाबा साहेब स्वतंत्रता और भाईचारा के प्रतीक थे। वे श्रमिकों, शोषितों, किसानों और महिलाओं के अधिकार दिलाने और सामाजिक न्याय के शिल्पकार थे। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कैलाश मरई, परसादी राम चंद्रवंशी, भांवत राम ध्रुव, पार्षद टिकेश्वर ध्रुव, पार्षद जितेन्द्र ध्रुव, राम कुमार ध्रुव, हेमलाल ध्रुव, संत नेताम, शिवरतन लाल ध्रुव, राधेलाल नेताम, बसंत अमतिया, मनोहर कुंजाम, विष्णु भास्कर, दुर्गेश ध्रुव, बड़कू मरकाम, खिरभान नेताम, अम्बिका मरकाम, गोदावरी छेदैहा, शांति नेताम, माधुरी ध्रुव, मानकी नेताम, सुशीला मरकाम, पूर्णिमा मरकाम, सावित्री नेताम के अलावा सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

बोड़रा हाईस्कूल में निःशुल्क कोचिंग क्लास शुरू

## ग्रीष्मावकाश में छात्रों को दी जा रही करियर की जानकारी

■ छात्रों के खाली समय का सही उपयोग करने शिक्षकों ने की सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



जिले के सभी विद्यालयों में 10वीं व 12वीं की बोर्ड और स्थानीय परीक्षाएं हो चुकी हैं। कुछ विद्यार्थी घर में ही आगामी प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे है। कुछ विद्यार्थी समर कोर्स भी कर रहे हैं। ग्रामीण स्तर के विद्यार्थियों में आगे बढ़ने की ललक होती है । वे अपने करियर के प्रति गंभीर होते हैं लेकिन सही दशा और दिशा नहीं मिलने के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते। इसी उद्देश्य को लेकर शासकीय हाई स्कूल बोड़रा के प्राचार्य श्यामसुंदर साहू के मार्गदर्शन एवं सभी शिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस की जानकारी देने के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रतिभा खोज चयन परीक्षा एवं प्रयास आवासीय विद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा के साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास शुरू की गई है।

प्राचार्य श्यामसुंदर साहू ने बताया कि परीक्षा के बाद विद्यार्थियों के खाली समय का सही उपयोग करने के लिए कोचिंग क्लास प्रारंभ की गई है। इस क्लास में कक्षा नवमी और दसवीं के लगभग 30-35 बच्चे आ रहे हैं। इस क्लास में प्राचार्य मानसिक योग्यता परीक्षण और गणित के सवालों का हल करवा रहे हैं। विद्यालय के व्याख्याता एचके बंसोर विज्ञान विषय, केएल साहू सामाजिक विज्ञान विषय का अध्यापन करा रहे हैं। केके साहू, टीके साहू एवं डीके साहू भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। आसपास के अनुभवी शिक्षक भी क्लास ले रहे हैं। अध्यापन में प्रोजेक्टर का उपयोग भी किया जा रहा है।

### कलेक्टोरेट स्थित सी विजिल, वेबकास्टिंग कक्ष का किया अवलोकन

# सामान्य प्रेक्षक ने इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया इकाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने कलेक्टोरेट स्थित सी विजिल, वेबकास्टिंग कक्ष तथा जिला पंचायत स्थित महासमुंद लोकसभा के धमतरी और कुरूद विधानसभा के लिए स्थापित निर्वाचन व्यय निगरानी कक्ष और राजनीतिक दलों के लिए तैयार किए गए पंजियों का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय संबंधी गतिविधियों की निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने वीडियो मॉनिटरिंग कक्ष का अवलोकन करते हुए जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में कार्य कर रही वीएसटी दलों की उपस्थिति की जानकारी ली।

सामान्य प्रेक्षक ने इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया अनुवीक्षण इकाई सहित प्रिंट अनुवीक्षण इकाई के कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाई, एमसीएमसी के जरिए अभ्यर्थियों के सोशल मीडिया एकाउंट के बारे में पूछा और निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों के सभी सोशल मीडिया एकाउंट को गंभीरता से देखें और संदेहास्पद विषयों की जानकारी दें। इस अवसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी.आर. मरकाम, एसडीएम डॉ. विभोर अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## बंगाली समाज ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह

■ नृत्य, गीत, कविता पाठ, हास्य नाटिका का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





धमतरी बंगाली एसोसिएशन ने बांगला नववर्ष 1431 हर्षोलास से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष मृत्युंजय कर ने की। उन्होंने समाज में एकता एवं भाईचारा पर प्रकाश डाला। समाज के दो वरिष्ठ सदस्य स्व. दिलीप दत्ता एवं स्व. रेखा भट्टाचार्य को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांलजि दी गई।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुवर्णा घोष राय एवं पूनम सरकार ने किया। नृत्य, गीत, कविता पाठ, हास्य नाटिका का प्रदर्शन हुआ। नन्हे बच्चों का उत्साह देखते बनता था। कृशिब कुंडू, इन्दु विश्वास, बिथिरानी दत्ता, सुकृति साहा, पृतिश पोद्दार, लवली आचार्य, मिष्ठी भट्टाचार्य, शिवम सरकार, पृयाशी पोद्दार, प्रियंका विश्वास, बनाली पोद्दार, संगीता सरकार, बुलटी दत्ता, श्रीमती घोषाल, दिनेश विश्वास, समपा हाजरा, कमल हालदार, प्रदीप पोद्दार, सुमीत बरमह, डाली आचार्य, रीता छाबड़ा, पम्पा कर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अमिता कर की स्मृति में समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती मालती बारूई, डा. देबाशीष हाजरा, प्रो तरूण बैनर्जी एवं शंकर आचार्य ने सम्मानित किया। आभार व्यक्त डॉ सुवर्णा घोष राय ने किया। इस अवसर पर सचिव स्वप्निल दत्ता धमतरी बंगाली एसोसिएशन मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

■ परखंदा में हुई महिला मोर्चा की विशेष बैठक

आम चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत परखंदा के बूथ क्रमांक 156, 157 में महिला मोर्चा की विशेष बैठक रखी गई है। इस अवसर पर कुरुद भाजपा मंडल अध्यक्ष कलेश्वर चंद्राकर, महामंत्री टिकेश साहू, भाजपा नेता मालकराम साहू ने मोदी की गारंटी एवं महतारी वंदन जैसी कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुए नारी शक्ति को आगे आकर महिला उम्मीदवार को जिताने एकजुट होने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की बढ़ती इकोनॉमी को बरकरार रखने मोदी जैसे मजबूत नेता की जरूरत है। हम महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से रुपकुमारी चौधरी को जिताकर देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में मदद कर सकते हैं। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष लखन कश्यप, गोविंद निषाद, खेमन निषाद ,देवन निषाद, गैंदलाल पटेल एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी उपस्थित थी।

## राष्ट्र के लिए मतदान करने युवाओं से किया आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अग्निवीर योजना के माध्यम से देश के युवाओं को भारतमाता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शहर के सेवानिवृत सैनिक द्वारा युवाओं को प्रतिदिन इंडोर स्टेडियम धमतरी में सुबह प्रशिक्षण दिया जाता है। शहर व गांव से सैकड़ों युवक-युवतियां इसके लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। युवाओं के बीच लोकतंत्र के माध्यम से फिर से देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में देने की अपील करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी अपने साथियों के साथ चाय पर चर्चा हेतु पहुंचे। प्रीतेश गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेवा के तीनों अंग में मजबूती आई है।

इसी का परिणाम है कि अग्निवीर योजना के माध्यम से आज युवा अपना करियर संवारने के लिए तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानता है। भाजपा नेताओं ने लोकसभा चुनाव के निमित्त चाय पे चर्चा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी, मुकेश शर्मा, पिंटू यादव समेत अनेक युवा उपस्थित थे।

## टीम नेचर एंड वाइल्डलाइफ ने निःशुल्क सकोरा बांटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भीषण गर्मी में चिड़ियों की हालत दयनीय होती है। तेज गर्मी से कई चिड़िया मर भी जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए टीम नेचर एंड वाइल्डलाइफ धमतरी द्वारा घड़ी चौक के पास निःशुल्क सकोरा का वितरण किया गया। मौके पर भूमि मूलवानी, मनीष माखीजा, जयदीप विश्वास, समीर जैन समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।




**खबर संक्षेप**

## कांकेर लोस चुनाव संचालन समिति में राजेंद्र शामिल



**धमतरी।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने तैयारी तेज कर दी है। धमतरी जिले में दो लोकसभा आती है जिसमें धमतरी और कुरुद महासमुंद लोकसभा व सिहावा कांकेर लोकसभा में शामिल है। जिला कांग्रेस कमेटी ने तीनों विधानसभा में लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व में ही लोकसभा चुनाव संचालन समिति विधासभावार गठित की थी। सिहावा विधानसभा में एक संयोजक और 21 सदस्य सहित कुल 22 लोगों की संचालन समिति बनाई गई थी। इसमें फिर से संशोधित करते हुए लोकसभा चुनाव संचालन समिति सिहावा विधानसभा का गठन किया है जिसमें पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी राजेंद्र सोनी को सदस्य बनाया गया है। सदस्य बनाये जाने पर श्री सोनी ने जिला कांग्रेस कमेटी का आभार जताया है। संशोधित सूची में अभिषेक बंजारे, नीरज साहू, रोशन साहू, सत्यम भट्ट अध्यक्ष युवक कांग्रेस ब्लॉक नगरी, कुकरेल, बेलरगांव, नगरी शहर बनाये गये हैं।

## सिर्री में श्रीराम महोत्सव 17 को



■ श्रीराम युवा हिंदू संगठन निकालेगा भव्य शोभायात्रा

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में संचालित श्रीराम युवा हिंदू संगठन के तत्वावधान में 17 अप्रैल बुधवार को भगवान श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। गांव के बाजार चौक में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में ग्राम पुरोहितों द्वारा सुबह विधि-विधान से हवन पूजन कर प्रसादी का वितरण किया जायेगा। रामनवमी पर्व को धूमधाम से मनाने श्रीराम युवा हिंदू संगठन द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ गांव का भ्रमण किया जायेगा। शाम को श्रीराम भक्तों द्वारा महाआरती की जायेगी। इसकी तैयारी में हिंदू संगठन के पदाधिकारी और सदस्य जुटे हैं।

## भाजपाइयों ने दी मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के घर-घर चलो अभियान अंतर्गत रामसागरपारा वार्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने माता रिसाई के चरणों में नारियल समर्पित कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार अवसर दिलाने के लिए आशीर्वाद मांगा।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

# निर्वाचन कार्य को दें विशेष प्राथमिकता : अग्रवाल



**कर्मचारी 19 से 21 अप्रैल तक करेंगे मतदान**

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य जिले के कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर पाए हैं, ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी 19 से 21 अप्रैल तक डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र के जरिए मतदान करेंगे। इसके लिए मेनोनाइट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी को सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

**दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों से मतदान केंद्र में ई.व्ही.एम, व्हीव्हीपीएटी को रखने के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, एएसडी सूची, मतदान सामग्री सीलिंग, मॉक पोल, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, 2 और मतदान अधिकारी क्रमांक 3 की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**मतदान अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण**

इस दौरान प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षण कक्ष में पहुंचकर मतदान अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में पूछा और विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने में पीठासीन अधिकारी के साथ-साथ मतदान दल में शामिल अन्य मतदान अधिकारियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने टीम भावना से काम कर निर्वाचन कार्य को संपन्न करने कहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने स्थानीय मेनोनाइट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण और यहां स्थापित सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया।

इस दौरान प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च एवं विशेष प्राथमिकता वाला कार्य है। इसके सुचारू संचालन हेतु आप सभी को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप सभी इसे गंभीरता से समझे, मतदान दिवस के दिन आपको किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मतदान सामग्रियों की पूर्ण जांच कर लें, मतदान के समय ईवीएम और वीवीपैट मशीन क्लियर करना, सीलिंग करना, मशीन संचालन, पर्ची आदि की जानकारी अच्छी तरह से लें। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी.आर. मरकाम सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## रामनवमी पर निकलेगी भव्य मोटरसाइकिल रैली

**धमतरी।** नगर में रामनवमी पर्व को लेकर भक्तों में काफी उत्साह है। श्री रामनवमी आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष भी रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल मोटर साइकिल रैली निकलेगी। श्री रामनवमी आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मोटरसाइकिल रैली 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 3 बजे श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर बनियापारा से निकाली जायेगी, जिसमें शहर व आसपास क्षेत्र के राम भक्त शामिल होंगे। मोटरसाइकिल रैली श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर देवश्री टॉकीज रोड से निकलकर रत्नाबांधा चौक, मकई चौक, पावर हाउस दुर्गा चौक से वापस गोलबाजार, सदर बाजार होते हुए मां बिलाई माता मंदिर, लक्ष्मी निवास चौक, अंबेडकर चौक, म्युनिस्पिल स्कूल होते हुए शिव चौक होते हुए श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर के पास संपन्न होगी।

## लोहाणा समाज ने निर्धन कन्या के विवाह में किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोहाणा समाज ने एक नई पहल करते हुए निर्धन कन्या के विवाह में राशन का सहयोग किया। समाज की लड़की के पिता ने आवेदन दिया कि वह अपनी लड़की की शादी करना चाहता है मगर परिस्थिति कमजोर होने के कारण शादी करने में असमर्थ हैं। उन्होंने समाज से मदद मांगी। लोहाणा समाज ने चावल 120 किलो, रहरदाल 30 किलो, शक्कर 30 किलो, तेल 1 टिन, दोना पतल 250 नग, दुल्हन लाचा, दुल्हन सेट, पर्स, साड़ी एवं श्रृंगार सामान भेंट किया। समाजजनों ने नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक धमतरी में एक आयोजन कर लड़की के परिवार को सारा सामान सौंप दिया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम लोहाणा समाज के कुल देवता देवश्री दरियालाल की पूजा-अर्चना कर सामूहिक आरती की गई। आरती पश्चात दुल्हन को बिठाकर उसे चुनरी ओढ़ाकर उसकी खोल भरी गई। समाजजनों ने नेंग कर लड़की को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में अरुण मिरानी, वंदना मिरानी, मुकेश रायचुरा, साधना रायचुरा, राकेश लोहाणा, किशोर राकुंडला, कुन्दन राकुंडला, तरुण अंबानी, किशोर गंभीर, कमलेश कोठारी, परेश लोहाणा, लोकेश राजपुरिया, चंचल राजपुरिया, चिराग आथा, ललित मानेक, रचना राजपुरिया, ममता पलन, दीपिका पोपट, मेघा पोपट, स्वीटी लोहाणा, गौरव लोहाणा उपस्थित थे।

## विहिप, बजरंग दल ने कई गांवों में बंद कराई चंगाई सभा

■ बिना किसी दस्तावेज के संचालित हो रही थी प्रार्थना सभा, धर्मांतरण को लेकर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सदैव राष्ट्र हित एवं लोक हित में कार्य करता रहा है। जिले में लगातार चंगाई सभा अबाध गति से चलाई जा रही है। शिकायत मिलने पर चंगाई सभा का विरोध किया जाता रहा है। धर्मांतरण रोकने का कार्य मोहन साहू के मार्गदर्शन पर कानून व्यवस्था को बिना प्रभावित किए किया जा रहा है। कुरूद, भखारा एवं मगरलोड में बिना किसी दस्तावेज के संचालित हो रही चंगाई प्रार्थना सभा को जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक ठाकुर के निर्देशन और जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस विभाग एवं प्रशासन के सहयोग से समझाइश देकर बंद करवाया। दीपक सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए किसी भी प्रकार के राजद्रोह को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह गौ माता की सुरक्षा हो या अंधविश्वास के जरिए धर्मांतरण का हो। इन विदेशी ताकतों से राष्ट्र को बचाने की शुरुआत अपने गांवों से करनी होगी। ग्राम खरतुली में जामवन्त देशमुख का कार्य सराहनीय रहा। भठेली भखारा में टीआई ठाकुर ने शांतिपूर्ण तरीके से सभा को बंद करवाया। नवागांव में अभिषेक सिंह के सहयोग से सभा बन्द करवाई गई। पचपेड़ी में गांववालों ने बजरंग दल के सहयोग से सभा बंद करवाई। मौके पर चित्रेश साहू, दीपक सोनी, कुंजबिहारी साहू, महेंद्र ध्रुवंशी, कृष्णकांत साहू, छोटू माल, तुमेन्द्र साहू, डाकेश साहू ,जितेन्द्र देवांगन, योगेश धीवर, गौरव साहू, लोकेंद्र ध्रुवंशी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। इस कार्य में गौरव जैन, प्रिंस जैन, कैलाश बख्तानी और पीयूष जैन का विशेष सहयोग रहा।






## निधन : बिरधीचंद नाहटा



**नगरी।** जैन समाज एवं नाहटा परिवार के वरिष्ठ सदस्य नगरी निवासी बिरधीचंद नाहटा 82 वर्ष का 14 अप्रैल को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उनके निधन पर विनय, विजय सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# भाजपा पर बढ़ा लोगों का विश्वास : उमेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अबकी बार 400 पार, फिर इस बार भाजपा सरकार इसी उद्देश्य और लक्ष्य को लेकर के भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने गंगरेल मंडल के ग्रामों में सघन जनसंपर्क किया। घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए फिर से केंद्र में मोदी की सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं। युवा विंग युवा मोर्चा, महिला मोर्चा भी साथ चल रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने ग्राम उरपुटी, कलारबाहरा, बरबांधा, सिलतरा, अरौद, हरफर, पटौद, भिड़ावर, मोंगरागहन, कोड़ेगांव बी, बारगरी में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही अधिकांश घोषणाएं पूरी हुई। लोगों का विश्वास भाजपा की ओर बढ़ रहा है। इस बार ऐतिहासिक जीत होगी जिसमें उनके कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका होगी।









## कार्यकर्ताओं ने लिया कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का संकल्प



■ अछोटा जोन में हुई कांग्रेस की बैठक, बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोक सभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में धमतरी विधानसभा अंतर्गत अछोटा जोन की बैठक आदिवासी भवन मथुराडीह में हुई। बैठक में अछोटा ज़ोन अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के प्रभारी सेक्टर अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 साल से झूठे वादे कर जनता को लूटा जा रहा है। मंहगाई व बेरोज़गारी से जनता की कमर टूट चुकी है। राष्ट्रवाद तथा धर्म की आड़ में राष्ट्र को बांटा जा रहा है। इसके बारे में आमजनता को बताना है। आगे कहा कि कांग्रेस ने 5 न्याय की गारंटी दी है जिसमें महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत प्रत्येक ग़रीब महिला को साल में 1 लाख रुपये दिया जायेगा। किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जायेगा। युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दर 400 रुपये की जायेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, दुग्ध महासंघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, अछोटा जोन की प्रभारी कविता बाबर, पूरन लाल साहू, घनश्याम साहू, योगेश बाबर, भोलाराम देवांगन, अशोक देवांगन, जनपद सदस्य सरिता यादव, मोहित देवांगन, बीरबल ध्रुव, अर्जुन साहू, केशव साहू, हरिराम समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जीवराखन देवांगन ने किया।